CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

वर्ष- 28 अंक- 136 रायपुर, मंगलवार 10 जून 2025 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

नक्सलियों का बस्तर बंद आज, सुरक्षाबल अलर्ट

रायपुर/जगदलपुर, 10 जून (हाईवे चैनल)। नक्सल संगठन के जनरल सेक्रेटरी बसवाराजू व अन्य बड़े माओवादियों के मारे जाने के विरोध में माओवादियों ने 10 मई बस्तर बंद का आह्वान किया है। नक्सलियों के बस्तर बंद को देखते हुए पूरे संभाग में पुलिस और फोर्स अलर्ट पर है। माओवादियों के बस्तर बंद का आव्हान को देखते हुए आईजी सुंदर राज पी ने कहा कि बस्तर बंद के दौरान माओवादी क्षेत्र की जनता, शासकीय संपति, प्राइवेट संपति और पुलिस बल को नुकसान पहुंचाने के लिये अलग अलग पैंतरे आजमाते हैं। बंद के दौरान माओवादी किसी अप्रिय घटना को अंजाम न दे सकें, इसके लिए पूरे बस्तर संभाग में सुरक्षाबल अलर्ट मोड़ पर है।

बता दें, 10 जून को बस्तर बंद को देखते हुए 9 जून को सुकमा के कोंटा डोंड्रा इलाके में कोंटा एएसपी, एसडीओपी और थाना प्रभारी व जवानों के साथ सर्च ऑपरेशन पर निकले थे। जहां आईईडी ब्लास्ट में कोंटा एएसपी आकाश राव गिरिपुंजे शहीद हो गए। वहीं एसडीओपी और थाना प्रभारी घायल है, जिनका रायपुर में इलाज चल रहा है। आईजी ने कहा कि सुकमा आईईडी ब्लास्ट से पुलिस पीछे नहीं हटेगी. पुलिस का इरादा मजबूत है. बस्तर बंद और आने वाले दिनों में माओवादियों की साजिश को नाकाम करने के लिए बस्तर में अधिकारी, जवान सभी का संकल्प मजबूत है। क्षेत्र की जनता से अपील करते हुए आईजी ने कहा कि माओवादियों की इस कायराना हरकत की बातों को अपने मन मे न रखें, क्योंकि पूरी जनता, शासन, प्रशासन, पुलिस मुख्यालय सभी उनके साथ हैं।

शहीद परिवार की चिंता करना सरकार का धर्म, मांगें पूरी की जाएगी : विजय शर्मा

शहीद परिवारों ने अपनी मांगों को लेकर आज गृहमंत्री के बंगले के सामने धरने पर बैठे रहे. इस आंदोलन पर गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा, शहीद परिवार की पूरी चिंता करना सरकार का धर्म है. किसी तरह की मांगें अधूरी ना हो इस दिशा में काम किया जा रहा है. कई विषयों को लेकर चर्चा हुई है. शहीद परिवारों के लिए वीर बलिदानी स्मारिका बनाया जाएगा।

डिप्टी सीएम शर्मा ने कहा, हर महीने के दूसरे बुधवार को आईजी स्तर पर सुनवाई होती है. शहीद परिवार के सदस्यों को अनुकंपा नियुक्तियां दी जा चुकी है. शहीद परिवार की पूरी चिंता करना सरकार का धर्म है. एकमुश्त मुआवजे का भी प्रावाधान है. शिक्षा के क्षेत्र में शहीद परिवारों के बच्चों के लिए आरक्षण की मांग शामिल है. कल पीएचक्यू में बैठकर शहीद परिवार से चर्चा करेंगे. जो जायज मांगे होगी उसे पूरी की जाएगी। आईईडी ब्लास्ट पर डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कहा, गांव के विकास में आईईडी बिछाकर रखा गया है. इससे सब आहत होते हैं. माओवादी यदि सीधे बात करेंगे तो बात होगी, मगर दूसरे राज्यों में बैठे लोग बात करना चाहे तो ऐसा नहीं होगा. बलौदाबाजार हिंसा मामले पर उन्होंने कहा, वह एक दुस्वप्न के समान है. वहां के सभी आरोपियों की जमानत कोर्ट से कई बार खारिज हुआ था. उम्मीद है कोर्ट से जल्द निर्णय आएगा।

शहीद एएसपी आकाश राव को मुख्यमंत्री के साथ विस अध्यक्ष, उप मुख्यमंत्री और गृह मंत्री ने दिया कांधा

रायपुर, 10 जून (हाईवे चैनल)। सुकमा जिले के कोंटा में नक्सलियों द्वारा किए गए आईईडी विस्फोट में शहीद एएसपी आकाश राव गिरपुंजे को माना स्थित चौथी वाहिनी में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम सलामी दी गई. इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के साथ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा और अरुण साव ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके पार्थिव शरीर को कांधा दिया.

नम आंखों से दी अंतिम विदाई

माना स्थित चौथी वाहिनी में आयोजित कार्यक्रम से पहले राजधानी निवास स्थित चंगोराभाठा स्थित निवास से सजे-धजे रथ से अंतिम यात्रा निकली, यात्रा में सैकड़ों लोग शामिल हुए. शहीद के अंतिम दर्शन करने लोग रास्ते में खड़े होकर उन्हें नमन करते हुए नजर आए. चौथी वाहिनी में शहीद को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सहित विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, अरुण साव, मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े सहित पुलिस के तमाम आला अधिकारी ने श्रद्धांजलि अर्पित की.

'अक्कू भैय्या जिंदाबाद' के नारों के बीच सात वर्षीय बेटे ने शहीद पिता को दी मुखाग्नि, तिरंगे से लिपटकर रोती रही पत्नी

नक्सलियों द्वारा किए गए आईईडी विस्फोट में शहीद एएसपी आकाश राव गिरपुंजे पंचतत्व में विलिन हो गए, महादेव घाट स्थित श्मशान घाट में हुए अंतिम संस्कार में शहीद को उनके सात वर्षीय बेटे सिद्धार्थ ने मुखाग्नि दी. इस दौरान स्थल 'भारत माता की जय' और 'अक्कू भैय्या जिंदाबाद' के नारों से गूंजता रहा और पत्नी तिरंगे से लिपटकर रोती रही।

25-30 किमी दूरी से ही दुश्मन के हमलों को नाकाम कर देगी QR-SAM

नई दिल्ली, 10 जून (न्यूज चैनल)। रक्षा मंत्रालय जल्द ही सेना के लिए नई स्वदेशी क्विक रिएक्शन सरफेस-टू-एयर मिसाइल प्रणालियों की तीन रेजीमेंटों की खरीद के लिए 30,000 करोड़ के प्रस्ताव को प्रारंभिक मंजूरी देने के मामले पर विचार करेगा। रिपोर्टों के मुताबिक रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली रक्षा अधिग्रहण परिषद इस माह के अंत में इन मोबाइल QR-SAM प्रणालियों के लिए 'आवश्यकता की स्वीकृति' देने पर विचार करेगी। हम आपको बता दें कि ये प्रणालियाँ दुश्मन के लड़ाकू विमानों, हेलिकॉप्टरों और ड्रोन को 25 से 30 किलोमीटर की दूरी तक रोकने के लिए डिजाइन की गई हैं।

सैन्य बलों को जल्द ही इस मिसाइल प्रणाली से लैस करेंगे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

यह कदम ऐसे समय पर उठाया गया है जब भारत की मौजूदा बहु-स्तरीय वायु रक्षा प्रणाली ने 'ऑपरेशन सिंदूर' (7 से 10 मई के बीच हुई झड़पों) के दौरान पाकिस्तान द्वारा छोड़े गए तुर्की मूल के ड्रोन और चीनी मिसाइलों के हमलों को नाकाम करने में अहम भूमिका निभाई थी। हम आपको बता दें कि पिछले तीन-चार वर्षों में DRDO और सेना ने QR-SAM प्रणालियों का विभिन्न प्रकार के खतरों और उच्च गति वाले हवाई लक्ष्यों के विरुद्ध परीक्षण किया है, ताकि दिन और रात दोनों स्थितियों में इनकी क्षमताओं का मूल्यांकन किया जा सके। बताया जा रहा है कि रक्षा क्षेत्र की सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियाँ— भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड और भारत डायनेमिक्स लिमिटेड मिलकर इन प्रणालियों का निर्माण करेंगी। इन प्रणालियों के बारे में जानकारी देते हुए एक अधिकारी ने कहा, QR-SAM प्रणालियाँ चलते-चलते संचालन करने में सक्षम हैं, जिनमें सर्च और ट्रैक की सुविधा है और वे कम समय के विराम पर फायर कर सकती हैं।

ब्रेकिंग न्यूज

एसीबी ने सिसोदिया को भेजा समन

नई दिल्ली, 10 जून (न्यूज चैनल)। एसीबी ने 30 अप्रैल को घोटाले में जैन और सिसोदिया के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि दिल्ली में पिछली आप सरकार के दौरान 12,748 कक्षाओं और इमारतों का निर्माण अत्यधिक बढ़ी हुई लागत पर किया गया था। आप सरकार में सिसोदिया शिक्षा मंत्री थे, जबकि जैन के पास लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) का पोर्टफोलियो था। एफआईआर दर्ज करते समय, एसीबी ने कहा कि काफी विचलन और लागत में वृद्धि देखी गई, लेकिन निर्धारित अवधि के भीतर एक भी काम पूरा नहीं हुआ।

द्वारका के एक अपार्टमेंट की 7वीं मंजिल पर लगी भीषण आग, आसमान धुआं-धुआं; कई लोग फंसे

नई दिल्ली, 10 जून (न्यूज चैनल)। द्वारका में एक अपार्टमेंट की सातवीं मंजिल पर स्थित फ्लैट में आग लग गई। मौके पर दमकल की 8 गाड़ियां पहुंच गई हैं। दो से तीन लोगों के फंसे होने की आशंका है। किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। दमकल विभाग की ओर से ये जानकारी साझा की गई है। लेकिन वीडियो में देखा जा सकता है कि जिस फ्लैट में आग लगी है। उसके नीचे वाले फ्लैट की बालकनी पर कई लोग फंसे हुए हैं।

केरल तट के पास जल रहे जहाज में आग बुझाने की कोशिश जारी

नई दिल्ली, 10 जून (न्यूज चैनल) केरल तट के नजदीक जल रहे सिंगापुर के झंडे वाले जहाज की आग बुझाने को कोशिश आज भी जारी है। भारतीय नौसेना के जहाज आईएनएस सूरत ने क्रू के 18 सदस्यों को सुरक्षित बचा लिया है। वहीं क्रू के चार सदस्य अभी भी लापता हैं। जहाज में रविवार को आग लगी थी और मंगलवार को भी नौसेना, तटरक्षक बलों द्वारा संयुक्त और समन्वित बचाव अभियान चलाया जा रहा है।

ट्रेन की चपेट में आकर दो लोगों की दर्दनाक मौत , दो गंभीर

बालोद, 10 जून (हाईवे चैनल)। बालोद जिले में दल्लीराजहरा थाना क्षेत्र के दल्लीराजहरा-कुसुमकसा रेल्वे लाइन में ट्रेन की चपेट में आकर दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है। इन लोगों के अलावा कुछ और लोग पटरी पर ही सोये हुए थे, इसी दौरान ट्रेन उनके ऊपर से धड़धड़ाते हुए गुजर गई। दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि दो अन्य गंभीर तौर पर घायल हुए है। उनका उपचार अस्पताल में जारी है। पुलिस ने मर्ग कायम कर घटना की जाँच शुरू कर दी है।

नगर पुलिस अधीक्षक दल्लीराजहरा चित्रा वर्मा ने आज मंगलवार को बताया कि झारखंड से मजदूरी के लिए आए 11 युवक रेलवे लाइन पर दल्लीराजहरा से पैदल चलते हुए कुसुमकसा की ओर जा रहे थे। रास्ते में शायद थकावट के कारण पांच मजदूर रेलवे पटरी पर बैठ गए। इसी दौरान युवकों को नींद आ गई। आज मंगलवार सुबह 4 बजे के करीब ट्रेन के आने पर पटरी से उठ पाते ही कि चार युवक ट्रेन की चपेट में आ गए, जिनमें से दो की मौके पर मौत हो गई, वहीं दो घायल हो गए। जिन्हें 108 एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया है।

राजधानी में दरवाजा खोलते ही कर दिया मर्डर

रायपुर, 10 जून (हाईवे चैनल)। उरला के सरोरा में सोमवार आधी रात बाद कटार से हमला कर हत्या हो गई। उरला पुलिस के मुताबिक बीरगांव स्थित पेप्सी कंपनी के पास रहने वाला डोमन बंछोर (35) 9 जून की रात 3.30 बजे सरोरा निवासी हीरेंद्र साहू के घर गया। डोमन दीवार कूदकर भीतर गया और दरवाजा खोलने खटखटाने लगा। खटखटाहट सुनकर हीरेंद्र उठा और हाथ में नारियल छीलने का कटार लेकर दरवाजा खोला और गेट पर खड़े डोमन पर वार कर दिया। इससे घायल डोमन को तुरंत इलाज के लिए एम्स लेकर जाने पर उसकी मौत हो गई। उरला पुलिस ने हीरेंद्र को धारा 103 के तहत गिरफ्तार कर लिया है।

बिलासपुर हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी! ई-मेल से मचा हड़कंप



बम और डॉग स्क्वाड के साथ पहुंची पुलिस

बिलासपुर, 10 जून (हाईवे चैनल)। बिलासपुर हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं. हाईकोर्ट के आधिकारिक वेबसाइट पर मंगलवार को धमकी भरा ईमेल भेजा गया. इसमें कोर्ट परिसर को उड़ाने की बातें कही गई है. पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. हाईकोर्ट परिसर को खाली कराकर जांच कराई गई, लेकिन इस दौरान कहीं कुछ नहीं मिला.

जानकारी के मुताबिक, हाईकोर्ट में समर वेकेशन के बाद सोमवार से कामकाज शुरू हुआ. इस दौरान कोर्ट परिसर में जजों के साथ ही वकील और पक्षकार भी मौजूद थे. इसी दौरान छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के वेबसाइट पर एक ईमेल आया, जिसमें हड़कंप गया. दरअसल, इस ईमेल में हाईकोर्ट में बम लगाने और परिसर को उड़ाने की धमकी दी गई. ईमेल देखकर हाईकोर्ट के प्रोटोकॉल अफसर ने तत्काल इसकी जानकारी पुलिस अफसरों को दी. पुलिस भी अलर्ट मोड पर आ गई. स्निफर डॉग्स और बम डिटेक्शन उपकरणों के साथ सुरक्षाकर्मियों ने पूरे परिसर की गहन जांच की. पुलिस ने की टीम स्निफर डॉग्स और बम डिटेक्शन उपकरणों के साथ हाईकोर्ट पहुंची और पूरे परिसर की गहन जांच शुरू कर दी गई. धमकी मिलने के बाद एहतियातन कोर्ट परिसर को खाली कराकर जांच अभियान चलाया गया. हाईकोर्ट की आधिकारिक वेबसाइट पर ईमेल आईडी अब्दुल 'abdia@outlook.com' से संवेदनशील मुद्दों का उल्लेख करते हुए धमकी भरा ईमेल भेजा गया. इसमें अजमल कसाब को फांसी देने और कुछ व्यक्तियों की हिरासत जैसी घटनाओं का हवाला देते हुए इसे एक पवित्र मिशन बताया गया. ईमेल में अमोनियम सल्फर आधारित आईईडी (इंप्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइसेज) कोर्ट परिसर में लगाए जाने का दावा किया. मामले को लेकर बिलासपुर के स्स्क्क रजनेश सिंह ने बताया कि ईमेल मिलने के बाद पुलिस अलर्ट मोड पर है. अब तक की जांच में किसी भी प्रकार का विस्फोटक पदार्थ बरामद नहीं हुआ है. मामले की गंभीरता को देखते हुए स्ब्क्रदर्ज कर जांच की जा रही है.

सोनम की आंखों के सामने हुआ राजा का कत्ल, आरोपियों से कहा था- मार डालो इसे...

नई दिल्ली, 10 जून (न्यूज चैनल)। राजा रघुवंशी हत्याकांड में हर दिन नए खुलासे सामने आ रहे हैं। अब जो जानकारी पुलिस सूत्रों से सामने आई है, वह न सिर्फ चौंकाने वाली है, बल्कि हत्या की साजिश में सोनम की भूमिका को और गहरा करती है। बताया जा रहा है कि जब राजा की बेरहमी से हत्या की गई, उस समय उसकी पत्नी सोनम ठीक सामने मौजूद थी और पूरे घटनाक्रम की गवाह बनी रही।

पुलिस की शुरुआती जांच के मुताबिक, राजा पर हमला दो दिशाओं से किया गया। एक वार सामने से और एक पीछे से—दोनों सीधे सिर पर किए गए। बताया जा रहा है कि आरोपी विशाल चौहान ने पीछे से वार किया था, जिससे राजा तुरंत जमीन पर गिर गया। यह हमला इतनी तेजी से हुआ कि राजा को बचाव का कोई मौका तक नहीं मिला। जानकारी के अनुसार, 23 मई को शिलॉन्ग के पास वेसॉडोंग फॉल्स के निकट राजा की हत्या कर दी गई। हत्या के समय सोनम भी मौके पर मौजूद थी और उसने आरोपियों से कहा था, 'मार डालो इसे।' आकाश राजपूत ने निगरानी के लिए एक किराए की बाइक का इस्तेमाल किया था, जिसे बाद में पुलिस ने बरामद किया। पुलिस का कहना है कि वह न केवल हमले की साक्षी थी, बल्कि हमलावरों के साथ पहले से मिली हुई थी।

सूत्रों के अनुसार, उसने न तो राजा को बचाने की कोशिश की और न ही वारदात के तुरंत बाद शोर मचाया। जिस एक्टिवा स्कूटर पर राजा घटना स्थल तक पहुंचा था, वह वारदात से ठीक पहले उससे छीन ली गई थी। पुलिस ने एक्टिवा को बरामद कर लिया है और अब उसका फॉरेंसिक परीक्षण कराया जा रहा है। माना जा रहा है कि इस गाड़ी से हमलावरों के मूवमेंट और टाइमलाइन को जोड़ने में मदद मिलेगी।

बिरादरी की बातें

चूहा- सुनती हो, रेत माफिया पत्रकारों पर धौंस जमा रहे हैं।

चुहिया- हां जी, कार्रवाई नहीं होती तो हौसले बुलंद होते हैं।

CMYK